KGDS SARASWATI VIDYA MANDIR

# RAJNAGAR GHAZIABAD

# सृजन

## APRIL 2025-26

# EDITOR'S MESSAGE





**Geetanjali Gupta**
**Editor**

**Rahul Verma**
**Editor**

*DEAR READERS,*

*IT GIVES US IMMENSE PLEASURE TO WELCOME YOU TO THE LATEST EDITION OF OUR SCHOOL MAGAZINE, THE ' सृजन '. EACH PAGE OF THIS MAGAZINE REFLECTS THE CREATIVITY, TALENT, AND HARD WORK OF OUR STUDENTS AND TEACHERS. IT IS A CELEBRATION OF OUR ACHIEVEMENTS, A SHOWCASE OF OUR SKILLS, AND A REMINDER OF HOW FAR WE HAVE COME TOGETHER AS A SCHOOL COMMUNITY.*

*THIS MONTH HAS BEEN FILLED WITH REMARKABLE EVENTS – FROM ACADEMIC SUCCESSES TO OUTSTANDING PERFORMANCES IN SPORTS AND CULTURAL ACTIVITIES. OUR STUDENTS HAVE NOT ONLY EXCELLED IN COMPETITIONS BUT HAVE ALSO DISPLAYED INCREDIBLE TEAMWORK, LEADERSHIP, AND COMPASSION.*

*HAPPY READING!*

# PRINCIPAL'S MESSAGE



*DEAR STUDENTS, PARENTS, AND TEACHERS,*

*IT GIVES ME IMMENSE PLEASURE TO PRESENT TO YOU THE LATEST EDITION OF OUR SCHOOL MAGAZINE. THIS MAGAZINE IS NOT JUST A PLATFORM FOR SHOWCASING THE CREATIVITY AND TALENTS OF OUR STUDENTS, BUT ALSO A REFLECTION OF THE ACHIEVEMENTS AND EFFORTS OF OUR SCHOOL.*

*EDUCATION IS NOT LIMITED TO TEXTBOOKS; IT IS A JOURNEY OF BUILDING CHARACTER, NURTURING MORAL VALUES, AND UNDERSTANDING SOCIAL RESPONSIBILITIES. OUR CONSTANT ENDEAVOR IS TO PROVIDE AN ENVIRONMENT WHERE OUR STUDENTS CAN THINK FREELY, LEARN ENTHUSIASTICALLY, AND MOVE CONFIDENTLY TOWARDS ACHIEVING THEIR DREAMS.*

*I EXTEND MY HEARTFELT CONGRATULATIONS TO ALL THE STUDENTS FOR THEIR WONDERFUL EFFORTS AND EXPRESS MY GRATITUDE TO THE TEACHERS FOR THEIR UNWAVERING GUIDANCE. I ALSO SINCERELY THANK THE PARENTS FOR THEIR CONTINUOUS SUPPORT, WHICH MOTIVATES US TO STRIVE FOR GREATER HEIGHTS.*

*LET US ALL WORK TOGETHER TO TAKE OUR SCHOOL TO NEW LEVELS OF EXCELLENCE AND BECOME AN INSPIRATION FOR FUTURE GENERATIONS.*

*WISHING YOU ALL A BRIGHT AND SUCCESSFUL FUTURE.*

**Mr. Pankaj Sharma**
**principal**

# VICE PRINCIPAL'S MESSAGE



DEAR STUDENTS,

AS THE BEGIN ANOTHER ACADEMIC YEAR, I WANT TO EXPRESS MY EXCITEMENT FOR THE LEARNING AND GROWTH THAT AWAITS EACH AND EVERYONE OF YOU. I BELIEVE THAT EDUCATION IS A POWERFUL TOOL FOR SHAPING OUR FUTURE AND MAKING A POSITIVE IMPACT ON THE WORLD.

THIS YEAR, I ENCOURAGE YOU TO EMBRACE THE CHALLENGES AND OPPORTUNITIES THAT COME YOUR WAY. PUSH YOURSELF TO LEARN, EXPLORE YOUR INTEREST,AND DEVELOP YOUR TALENT. REMEMBER THAT SUCCESS IS NOT ABOUT GRADES, BUT ALSO ABOUT PERSONAL GROWTH, RESILIENCE, AND A COMMITMENT TO LEARNING.

Priyanka Sharma
vice principal

# Happy
# Birthday

























# वंदना सत्र


सम्पूर्ण सरस्वती वंदना
1. दीप मंत्र
मातृ प्रणाम 1,2,3....
2. संस्कृत वंदना -या कुंदेंदु ...
3. हिंदी प्रार्थना - हे हंस वाहिनी ...
4.ब्रह्मनाद .
5.मौन (1 मिनट) ...
6.गायत्री मंत्र ...
7.भारत माता वंदना श्लोक ...
8. शांति पाठ ...
मातृ प्रणाम 1,2,3....


BE HONEST











# NEW SESSION (2025-26)
# FIRST DAY OF SCHOOL







दिनांक 1 अप्रैल 2025 हमारे विद्यालय कुसुम गोयल डॉक्टर संतोष सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य जी द्वारा नवीन सत्र का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी द्वारा भैया बहनों के सम्मुख वंदना स्थल पर विद्यालय स्टाफ एवं नए भैया बहनों का परिचय कराया गया । प्रधानाचार्य जी ने एक बोध कथा के माध्यम से भैया बहनों को जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया । प्राथमिक कक्षाओं में सभी भैया बहनों का तिलक लगाकर विद्यालय के प्रथम दिवस आगमन पर स्वागत किया गया । नवीन सत्र के प्रथम दिवस पर भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई ।





# दुर्गा अष्टमी एवं राम नवमी



जय माता दी

जय श्री राम





दुर्गा अष्टमी और रामनवमी हिंदू धर्म के दो महत्वपूर्ण पर्व हैं, जो चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिनों में मनाए जाते हैं।
दुर्गा अष्टमी, जिसे महाअष्टमी भी कहा जाता है, नवरात्रि का आठवाँ दिन होता है। इस दिन माँ दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा होती है। भक्त व्रत रखते हैं और कन्या पूजन करते हैं, जिसमें नौ छोटी कन्याओं को देवी का रूप मानकर भोजन कराया जाता है। यह दिन शक्ति की उपासना और नारी सम्मान का प्रतीक माना जाता है।
रामनवमी नवरात्रि का नौवाँ दिन होता है और यह भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन राम मंदिरों में विशेष पूजा, झांकियाँ और राम कथा का आयोजन होता है। यह पर्व सत्य, धर्म और आदर्श जीवन मूल्यों की प्रेरणा देता है। दोनों पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और धर्म की गहराई को दर्शाते हैं और सामाजिक एकता एवं सद्भावना का संदेश देते है ।












# WORLD HEALTH DAY

7 APRIL





विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस दिन दुनिया भर में स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ, जागरूकता अभियान और शिविर आयोजित किए जाते हैं। हर साल इसकी एक थीम होती है, जो किसी विशेष स्वास्थ्य समस्या या लक्ष्य पर केंद्रित होती है।

यह दिन हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की प्रेरणा देता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस का संदेश है कि "स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।"



# महावीर जयंती
# 10 अप्रैल






महावीर जयंती जैन धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह भगवान महावीर के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। उनका जन्म चैत्र माह की त्रयोदशी तिथि को हुआ था।

इस दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। शोभायात्रा निकाली जाती है जिसमें भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाता है। जैन धर्म के अनुयायी उपवास रखते हैं, दान करते हैं और अहिंसा व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेते हैं।महावीर जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अहिंसा, करुणा और त्याग के संदेश को याद करने का दिन है।

# अम्बेडकर जयंती
# १४ अप्रैल






**अंबेडकर जयंती हर साल 14 अप्रैल को मनाई जाती है। यह दिन भारत के महान समाज सुधारक, संविधान निर्माता और दलितों के मसीहा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू नामक स्थान पर हुआ था।**

**डॉ. अंबेडकर ने जीवन भर समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। उन्होंने भारत के संविधान की रचना की और सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं।**












विश्व धरोहर दिवस हर वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हमारे सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे ऐतिहासिक स्मारक, भवन, मंदिर, किले, और प्राकृतिक स्थल हमारी पहचान और इतिहास के अमूल्य भाग हैं।

यह दिवस पहली बार 1982 में मनाया गया था और इसे यूनेस्को द्वारा मान्यता दी गई। भारत में ताजमहल, कुतुब मीनार, अजंता-एलोरा की गुफाएं, हम्पी और काज़ीरंगा जैसे अनेक स्थल विश्व धरोहर में शामिल हैं।हमें अपने इन धरोहर स्थलों की रक्षा करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इनका गौरव महसूस कर सकें। साफ-सफाई, जिम्मेदार पर्यटन और जागरूकता ही इनके संरक्षण के मुख्य उपाय हैं।







**Save your heritage from damage, as it is the most precious asset.**

# EARTH DAY 22 APRIL

save our earth









हर साल 22 अप्रैल को पूरी दुनिया में अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें हमारी धरती की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। आज पृथ्वी पर प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और पेड़ों की कटाई जैसी कई समस्याएँ बढ़ रही हैं।पृथ्वी दिवस पर लोग पेड़ लगाते हैं, सफाई करते हैं और पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता फैलाते हैं। हमें भी यह संकल्प लेना चाहिए कि हम पानी, बिजली और प्राकृतिक संसाधनों की बचत करें।

पृथ्वी हमारी मां है, इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। आइए, हम सब मिलकर धरती को हरा-भरा और सुरक्षित बनाए ।









# World Book Day

## 23 APRIL


















वर्ल्ड बुक डे हर साल 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन किताबों और पढ़ाई के महत्त्व को बताने के लिए मनाया जाता है। किताबें हमारे सबसे अच्छे दोस्त होती हैं। ये हमें ज्ञान, मनोरंजन और नई सोच देती हैं।

इस दिन स्कूलों और पुस्तकालयों में विशेष कार्यक्रम होते हैं। बच्चे नई किताबें पढ़ते हैं और पढ़ने की आदत को बढ़ावा दिया जाता है।

हमें रोज़ कुछ समय किताबों को देना चाहिए, क्योंकि किताबें ही हमारे भविष्य को रोशनी देती हैं।

# कुटुम्ब प्रबोधन
# दादा दादी सम्मेलन



*कुसुम गोयल डॉ. संतोष सरस्वती विद्या मंदिर राज नगर, गाज़ियाबाद* में दिनांक *26 अप्रैल 2025* को *कुटुंब प्रबोधन* के अंतर्गत *दादा दादी सम्मेलन* कार्यक्रम रखा गया । । विद्यालय के छात्रों द्वारा सुंदर-सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।
कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के नाते श्री सुशील जी भाई साहब जी का पाथेय प्राप्त हुआ । विद्यालय प्रबंध समिति से अध्यक्ष *श्री धुरेंद्र कुमार गोयल जी* रहें । अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य *श्रीमान पंकज शर्मा जी * द्वारा कराया गया । कार्यक्रम का संचालन श्री तपेंद्र कुमार भारद्वाज जी द्वारा किया गया ।










# परशुराम जयंती 29 अप्रैल








परशुराम जयंती भगवान् परशुराम के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। यह हर साल वैशाख मास की शुक्ल तृतीया को आती है। भगवान परशुराम विष्णु जी के छठे अवतार माने जाते हैं। वे अत्यंत पराक्रमी, ज्ञानवान और धर्म के रक्षक थे। उन्होंने अन्याय और अधर्म के खिलाफ कई युद्ध किए और हमेशा सत्य का साथ दिया। परशुराम जयंती पर लोग पूजा-पाठ करते हैं और उनके जीवन से प्रेरणा लेते हैं।

परशुराम जी का जीवन हमें साहस, न्याय और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।

# SPORTS EVENTS 26-27 APRIL





न्यू एरा स्कूल में .. हुए २ दिवसीय
वॉलीबॉल,बास्केटबॉल,फुटबॉल टूर्नामेंट में
हमारे स्कूल के खिलाड़ियों ने भाग लिया
जिसमें हमारे स्कूल के भैयाओ ने
तीसरा स्थान🥉प्राप्त किया ।

# SKILL DEVELOPMENT CLASS















आज के समय में केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं है। जीवन में सफल होने के लिए विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास जरूरी है। स्किल डेवलपमेंट क्लास का उद्देश्य छात्रों में ऐसे ही व्यावहारिक कौशलों को विकसित करना होता है, जैसे- संप्रेषण (कम्युनिकेशन), टीमवर्क, कंप्यूटर ज्ञान, नेतृत्व क्षमता आदि। इन कक्षाओं के माध्यम से छात्र आत्मनिर्भर बनते हैं और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह कक्षाएं उन्हें भविष्य के रोजगार की तैयारी में सहायक बनती हैं। आजकल स्कूलों और कॉलेजों में भी इन क्लासेस को महत्व दिया जा रहा है। वास्तव में, स्किल डेवलपमेंट क्लास विद्यार्थियों को सम्पूर्ण विकास की ओर ले जाती है।





# Fun ways to LEARN!


















"हर दिन एक नया लक्ष्य बनाओ और उसे पाने के लिए पूरी मेहनत से जुट जाओ।"

SUCCESS IS NOT FINAL, FAILURE IS NOT FATAL, IT IS THE COURAGE TO CONTINUE THAT COUNTS.

# Thank you

**EDITORS**
**GEETANJALI GUPTA**
**RAHUL VERMA**